# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैर–राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का किया आग्रह : कहा– एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए चलाये जायेंगे विशेष अभियान।
2. आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने युवाओं से बुजुर्गों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए आगे आने को कहा।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए शामिल : कहा– राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए नई प्रौद्योगिकी का उपयोग जरूरी।

और

4. संभल में हिंसा के दौरान तीन लोगों की मौत, स्थिति नियंत्रण में, भारी पुलिस बल तैनात।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर–राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

*अगले साल स्वामी विवेकानंद जी की 162 सी जयंती है इस बार इसे बहुत खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 11–12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होने जा रहा है। इस पहल का नाम है विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग। भारतवर्ष से करोड़ों युवा इसमें भाग लेंगे। गांव, ब्लॉक, जिले, राज्य और वहां से निकलकर के चुने हुए ऐसे 2000 युवा भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए जुटेंगे।*

प्रधानमंत्री ने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन–प्रमाण–पत्र के मामले में वृद्धजनों की मदद करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की सराहना की। बाइट...

*मुझे यह जानकर अच्छा लगा कुछ युवाओं ने समूह बनाकर इस तरह की बात को भी एड्रेस किया है जैसे लखनऊ के रहने वाले वीरेंद्र हैं वह बुजुर्गों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के काम में मदद करते हैं। अब डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट देने से चीज़ें बहुत ही सरल हो गयी है। बुजुर्गों को बैंक नहीं जाना पड़ता। बुजुर्गों को टेक्नोलॉजी की वजह से कोई दिक्कत ना आए। इसमें वीरेंद्र जैसे युवाओं की बड़ी भूमिका है। वह अपने क्षेत्र के बुजुर्गों को इसके बारे में जागरूक करते रहते हैं। इतना ही नहीं वो बुजुर्गों को टैक्स सेवी भी बना रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने समाज को प्लास्टिक मुक्त बनाने, पयावरण संरक्षण और स्वच्छता की मुहिम में सक्रियता से काम कर रही कानपुर प्लॉगर्स की संस्थापिका संजीवनी

शर्मा की तारीफ की। प्रधानमंत्री द्वारा कानपुर प्लॉगर्स के कामों का जिक्र सुनकर संजीवनी शर्मा खासी उत्साहित हैं।

बाइट...

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारे ग्रुप को अपने मन की बात कार्यक्रम में मेंशन किया है। ये एक सपना पूरा होने जैसा था। अब प्रधानमंत्री मोदी जी के ट्वीट को देख कर के ही हमने ये ग्रुप स्टार्ट किया था। प्लॉगिंग वर्ड क्या होता है ? यह भी मुझे उनके ट्वीट के थ्रू ही पता लगा था। प्रधानमंत्री इस देश का जब वो झुक कर के कचरा उठा सकता है तो हम क्यों नहीं कर सकते ? यही इंस्पिरेशन ले करके हमने ग्रुप स्टार्ट किया था और आज जब मोदी जी ने हमारा नाम लिया तो हमें ऐसा लग रहा है। एक सर्किल पूरा कंप्लीट हो गया और हम बहुत ही ज्यादा खुश हैं।*

श्री मोदी ने बताया कि अहमदाबाद के राजीव ने लोगों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे के बारे में आगाह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है।

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। श्री मोदी ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता जताई है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन और यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि राष्ट्र–कल्याणकारी सोच के युवा, विज्ञान और तकनीक के साथ जुड़ेंगे तो स्वयं भी मजबूत होंगे और राष्ट्र को भी समृद्ध करेंगे। बाइट....सीएम

लोक कल्याणकारी राष्ट्र कल्याणकारी सोच का युवा विज्ञान और तकनीक के साथ जुड़ेगा नई प्रौद्योगिकी के साथ जुड़ेगा। तो वह स्वयं मजबूत होगा समाज को मजबूत बनाएगा। राष्ट्र को भी मजबूत बनाएगा। हमें अपने आप की प्रासंगिकता भी बनाए रखनी है। टेक्नोलॉजी अच्छे लोगों के हाथों में जाएगी, शीलवान लोगों के हाथों में जाएगी, ज्ञानवान लोगा के हाथों में जाएगी तो लोक कल्याण का राष्ट्र कल्याण का माध्यम बनेंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दीपेश नायर को यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित किया।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

संभल में आज एक धार्मिक स्थल के सर्वेक्षण के बाद हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई है। मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने बताया है कि अदालत के निर्देश पर धार्मिक स्थल का सर्वे पूरा करने के बाद जब सर्वेक्षण दल वापस लौट रहा था, अलग–अलग समूहों के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया और वाहनों को आग लगा दी। दोनों समूहों ने एक–दूसरे पर गोलीबारी भी की, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मंडलायुक्त ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में महिलाओं समेत कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति अब काबू में है और सुरक्षा के मद्‌देनजर आसपास के जिलों से पुलिस बल बुला लिया गया है। पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है।

—————————

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी ईवीएम का मामला सुलझने तक किसी भी उपचुनाव में भाग नहीं लेगी। आज लखनऊ में पार्टी की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल ही में नौ विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में मतदान प्रक्रिया और घोषित परिणामों के सिलसिले में व्यापक चर्चा हुई। बसपा प्रमुख ने कहा कि पहले जहां मतपत्रों का दुरुपयोग और धोखाधड़ी करके फर्जी वोट डाले गए, वहीं अब ईवीएम के जरिए भी

फर्जी वोट डाले जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए चिंतनीय है।

---------

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन के लिए आज नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। श्री रिजिजू ने विपक्षी दलों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग करने का आग्रह किया है। सर्वदलीय बैठक में अपना दल एस की अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, एल मुरूगन, बीजू जनता दल के संवित पात्रा, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, एमडीएमके नेता वाइको, कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश और अन्य सांसद शामिल हुए।

---------

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 26 नवंबर से लखनऊ में शुरू हो रही है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत सहगल आज लखनऊ में मीडिया को बताया कि विश्व चैम्पियन और रजत सहित दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, एशियाई जूनियर चम्पियन लक्ष्य सेन, सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी सहित कई भारतीय

सितारे इस चैम्पियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे। श्री सहगल ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में 20 देशों के 256 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि चैम्पियनशिप में इस बार दो लाख दस हजार अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिसमें नाम श्रुति मिश्रा और प्रिया का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। श्री सहगल ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश सरकार और निजी प्रायोजकों के सहयोग से किया जा रहा है। एक दिसम्बर तक जारी रहने वाली इस प्रतियोगिता के दौरान पहले दिन क्वालीफाइंग मुकाबले होंगे, जबकि मुख्य ड्रॉ के मुकाबले 27 नवंबर से शुरू होंगे।

——————

महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने गंगा गोमती एक्सप्रेस, संगम–लखनऊ इण्टरसिटी, सरयू एक्सप्रेस, लखनऊ–प्रयागराज पैसेंजर, बरेली–प्रयागराज, जौनपुर–प्रयागराज और योगनगरी ऋषिकेश समेत 18 ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने का फैसला किया है। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि चयनित ट्रेनों में दो से दस तक अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे और अतिरिक्त

जनरल कोच को यह सुविधा जनवरी से मार्च तक जारी रहेगी।

––––––––––